PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Delhi
Tue, 06 Jun 2017, Page 4
Width: 18.25 cms, Height: 15.12 cms, a4, Ref: 25.2017-06-06.47

पीएम ने लिया तैयारियों का जायजा, जीएसटी नेटवर्क की सुरक्षा ऐसी करने के निर्देश जो हैक न हो सके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिकारियों से जीएसटी के आईटी नेटवर्क की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा है, ताकि इसे हैक न किया जा सके। उन्होंने कहा कि नई टैक्स व्यवस्था देश की इकोनॉमी के लिए 'टर्निंग प्वाइंट' साबित होगी। एक राष्ट्र, एक बाजार और एक टैक्स सिस्टम से आम आदमी को काफी फायदा होगा।

सोमवार को जीएसटी की समीक्षा बैठक में उन्होंने ये बातें कही। पीएमओ की तरफ से जारी बयान के मुताबिक बैठक करीब दो घंटे चली। इसमें वित्त मंत्री अरुण जेटली, राजस्व सचिव हसमुख अढिया, वित्त मंत्रालय और पीएमओ के शीर्ष अधिकारी और कैबिनेट सेक्रेटरी मौजूद थे। जीएसटी में टैक्स रेट तय होने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली समीक्षा बैठक थी। इससे पहले उन्होंने 2 मई को जीएसटी पर बैठक की थी।

प्रधानमंत्री ने आईटी और एचआर से संबंधित तैयारियों, अफसरों की ट्रेनिंग, सवाल-जवाब की व्यवस्था और मॉनिटरिंग के बारे में भी जाना।

अधिकारियों ने बताया कि आईटी इन्फ्रा से लेकर अफसरों की ट्रेनिंग और कारोबारियों के एनरोलमेंट तक, सब कुछ 1 जुलाई से पहले पूरा हो जाएगा।